सोना 24K प्रति 10 ग्रा. भोपाल 1,51,749 | इन्दौर 1,51,749 | दिल्ली 1,51,849

सोना 22K प्रति 10 ग्रा. भोपाल 1,38.994 | इन्दौर 1,38.994 | दिल्ली 1,39.094

दैनिक जागरण
जागरण अर्थ
www.dainikjagranmpcg.com

प्लेटिनम प्रति 10 ग्रा. भोपाल 55,580 | इन्दौर 55,580 | दिल्ली 55,580

चांदी टंच प्रति किलो भोपाल 2,30,000 | इंदौर 2,30,000 | दिल्ली 2,30,000

बाजार पर नजर

शेयर बाजार में आज

22 **74,315**

Nifty 50 Top Gainers

Ather Energy	High	%Gain
HDFC Life	560.95	5.05%
TMPV	319.80	4.49%
SBI Life Insura	1,771.10	4.06%
Dr Reddys Labs	1,189.80	3.07%
Bharat Elec	395.90	2.51%

Nifty 50 Top Losers

Scrip	Close	%Loss
ONGC	231.25	-1.85%
Titan Company	4,838.50	-1.38%
HDFC Bank	713.00	-1.18%
HUL	1,942.20	-1.01%
Coal India	416.55	-1.01%

फोरेक्स रेट

मफद्रा	जम्क्रल
$ डॉलण	95.9300
€ यथणे	110.06
¥ येन	0.6165
£ पौअड	128.49

सरकार ने फ्यूल एक्सपोर्ट ड्यूटी में कटौती लागू की

नई दिल्ली, जेएनएन। सरकार ने देश से बाहर भेजे जाने वाले पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। नई दरें 16 सितंबर 2026 से लागू हो गई हैं, जिससे भारतीय रिफाइनरी कंपनियों का खर्च घटेगा और उन्हें विदेशी बाजार में तेल बेचने पर सीधा फायदा मिलेगा। यह कटौती 16 सितंबर 2026 से लागू हो चुकी है। सरकार हर 15 दिन में विंडफॉल टैक्स की समीक्षा करती है। इससे पहले 1 सितंबर को टैक्स बढ़ाया गया था, लेकिन अब ग्लोबल क्रूड मार्केट में कीमतें सामान्य होने के कारण सरकार ने इस बढ़ोतरी को वापस ले लिया है।

तेल कंपनियों को फायदा, रिटेल रेट्स रहेंगे जस के तस

डीजल के निर्यात पर कुल लेवी 25 से घटाकर 20 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। पहले इसमें 24 रुपए प्रति लीटर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी और 1 रुपए प्रति लीटर रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस शामिल था। अब सीड घटाकर 20 कर दिया गया है और आरआईसी को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। वहीं, हवाई ईंधन के निर्यात शुल्क में भी 4 रु. प्रति लीटर की कटौती की है। पहले यह शुल्क 19 रु. प्रति लीटर था, जिसे अब घटाकर 15 रु. प्रति लीटर कर दिया गया है। आम जनता के लिए पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं होगा। वित्त मंत्रालय ने साफ किया है कि देश के भीतर बिकने वाले पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी की दरें पहले की तरह ही रहेंगी। यह बदलाव केवल विदेशों में ईंधन निर्यात करने वाली कंपनियों पर लागू होता है।

निर्यात हतोत्साहित करना है उद्देश्य

पेट्रोलियम उत्पादों पर जो निर्यात लेवी 27 मार्च 2026 से लागू की गई थी। इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को हतोत्साहित करना और देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था। सरकार इन शुल्कों की समीक्षा हर पखवाड़े करती है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की औसत कीमतों को आधार बनाया जाता है। 1 सितंबर की समीक्षा में शुल्क बढ़ाया गया था, लेकिन अब इसमें कटौती की गई है। इस खबर के बाद लोगों के मन में बड़ा सवाल उठ रहा है कि क्या अब को पेट्रोल-डीजल सस्ता मिलेगा? इसका जवाब है नहीं, क्योंकि सरकार ने घरेलू खपत के लिए बेचे जाने वाले पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यानी आम वाहन चालकों के लिए पेट्रोल पंपों पर तेल की कीमतें पुरानी दरों पर ही बनी रहेंगी। यह टैक्स कटौती केवल विदेशों में ईंधन निर्यात करने वाली कंपनियों के लिए है, ताकि वैश्विक स्तर पर भारतीय तेल कंपनियों की प्रतिस्पर्धा बनी रहे और देश में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यह फैसला सीधे तौर पर उन बड़ी तेल रिफाइनरी और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों रिलायंस, नायरा, ओएनजीसी के लिए बंपर फायदे वाला है, जो भारत में तेल रिफाइन करके विदेशों में बेचती हैं। निर्यात पर ड्यूटी (टैक्स) कम होने से इन कंपनियों की लागत घटेगी और उनका प्रॉफिट मार्जिन जबरदस्त तरीके से बढ़ जाएगा।

3 साल बाद अमेरिका ने बढ़ाई ब्याज दरें,भारत पर भी असर

नई दिल्ली, जेएनएन। अगर अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर बदलाव किया जाता है तो उसका असर केवल वहां के लोगों पर ही नहीं पड़ता है, बल्कि इसका असर भारत में भी आम लोगों की जेब पर पड़ सकता है। इसी बीच यूएस फेडरल रिजर्व ने 3 साल के बाद ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। अहम बात यह है कि अब इसका असर भारत में भी देखने को मिल सकता है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद सबसे जरूरी ये जानना है कि अब भारत में क्या-क्या बदलाव देखने को मिल सकता है।

दरों में कितनी बढ़ोतरी हुई?

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी की है और ये बढ़ोतरी लगभग 3 साल के बाद की गई है। अब सबसे जरूरी बात ये है कि भारत के लोगों पर इसका क्या असर पड़ने वाला है। क्या आने वाले समय में महंगाई बढ़ सकती है, जिसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ सकता है।

सोने की कीमतों में होगा बदलाव: डॉलर के मजबूत होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों पर दबाव देखने को मिल सकता है, लेकिन अगर रुपये कमजोर होता है तो घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में म्यादा गिरावट देखने को नहीं मिल सकती है.

ईएमआई पर भी पड़ सकता है असर: अगर होम लोन और कार लोन लिया हुआ है तो इसकी ईएमआई पर भी असर पड़ सकता है। इसके पीछे कारण है कि अगर विदेशी इन्वेस्टर्स भारत से पैसा निकालते हैं और रुपया कमजोर होता है तो इसकी वजह से आरबीआई के लिए ब्याज दरों को घटाना काफी मुश्किल हो सकता है, जिसकी वजह से लोन की ब्याज दरें काफी लंबे समय तक कम नहीं हो पाएंगी, जिसका सीधा असर ईएमआई पर पड़ सकता है। यानी आने वाले समय में होम लोन और दूसरे कर्ज भी महंगे हो सकते हैं।

महंगाई बढ़ने का है खतरा: अमेरिकी डॉलर मजबूत होने से भारतीय रुपये में गिरावट देखने को मिल सकती है। भारत के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कच्चा तेल तक महंगा हो सकता है, जिसकी वजह से महंगाई बढ़ने का खतरा म्यादा रहता है और इसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ सकता है।

शेयर बाजार पर भी बढ़ेगा दबाव: इसके अलावा अमेरिका में जब बॉन्ड पर बेहतर रिटर्न मिलेगा और ऐसे में अगर विदेशी इन्वेस्टर्स ने भारतीय बाजार से पैसा निकाल लेते हैं तो इसकी वजह से शेयर बाजार में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

हीरो मोटर्स के आईपीओ को 3.36 गुना बोलियां मिलीं

नई दिल्ली, जेएनएन। हीरो मोटर्स लिमिटेड के आईपीओ का बृहस्पतिवार को शेयर बिक्री के दूसरे दिन 3.36 गुना बोलियां मिलीं। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 1,000 करोड़ रुपये के आईपीओ में 8,86,07,596 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 29,80,84,496 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। खुदरा निवेशकों की श्रेणी को 5.02 गुना अभिदान मिला।

एनएसई का आईपीओ ओपन 21 सितंबर तक लगेगी बोली

मुंबई, जेएनएन। देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का आईपीओ आज 17 सितंबर से रिटेल निवेशकों के लिए खुल गया है।

21 सितंबर को यह बंद होगा। बीएसई पर लिस्टिंग 24 सितंबर को होगी। आईपीओ का प्राइस बैंड 1,700 से 1,785 रुपए प्रति शेयर है। इसका लॉट साइज 8 शेयरों का है। यानी, अपर प्राइस बैंड 1,785 रुपए पर रिटेल निवेशकों को कम से कम 14,280 रुपए का निवेश करना होगा। कंपनी का इस इश्यू से करीब 22,562 रुपए करोड़ जुटाने का प्लान है। इसका जीएमपी 125 रुपए पर आ गया है, जो 11 सितंबर को 218 रुपए पर था। महज 6 दिनों के भीतर जीएमपी में करीब 93 रु. की गिरावट आई है। यानी इसकी अनुमानित लिस्टिंग प्राइस 1,910 रुपए पर हो सकती है।

आईपीओ से मिलने वाली रकम निवेशकों को मिलेगी

यह इश्यू पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल है, जिसमें मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 12.64 करोड़ शेयर बेचे जा रहे हैं। इसका मतलब है कि आईपीओ से मिलने वाली पूरी रकम शेयर बेचने वाले निवेशकों को मिलेगी और एनएसई को इसमें से कोई फंड नहीं मिलेगा। वित्त वर्ष 2026 में ऑपरेशनल रेवेन्यू घटकर 16,601 करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले यानी वित्त वर्ष 2025 में यह 17,140.68 करोड़ रुपए था। नेट प्रॉफिट घटकर 10,302 करोड़ रुपए हो गया जो वित्त वर्ष 2025 में 12,187.69 करोड़ रुपए था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही चौथाई वित्त वर्ष 27 में रेवेन्यू 13.10 प्रतिशत बढ़कर 4,560.41 करोड़ रुपए और मुनाफा 6.71 प्रतिशत बढ़कर 3,120.08 करोड़ रुपए हो गया है।

कार्यालय प्राचार्य सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, भोपाल

निविदा का संक्षिप्त विज्ञापन

क्रमांक / स.व.प./ भंडार/ 2026/1777 भोपाल, दिनांकः 15/09/2026

सरदार वल्लभभाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय श्यामला हिल्स भोपाल द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से लैब इक्विपमेंट एवं मॉडर्न क्लास रुम एंड लेबोरेटरी फर्निशिंग क्रय हेतु निविदाएं जारी की गई है। जारी निविदाओं मे समिलित होने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रक्रियानुसार निविदाओं भाग ले सकते हैं ।जारी की गई निविदाएं :

GEM/2026/B/7956256
GEM/2026/B/8018089

निविदाओं मे कोई भी संशोधन (यदि किया जाता है तब) जेम पोर्टल मे ही अपलोड किया जावेगा । उसका प्रकाशन पृथक से नहीं कराया जाएगा।

जी-18693/26 जीवन है अनमोल, तो क्यों करें यातायात नियमों से खेल। प्राचार्य

कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)

लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.- 25/2026 / निविदा / सा / मु.अ.भ./ भोपाल दिनांक 10.09.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

स.क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWPIU_535899_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन का निर्माण कार्य ग्राम बाटलाखुर्द विकासखण्ड भीमपुर जिला बैतूल	बैतूल	42.15	50000	5000	08 माह वर्षाकाल सहित
2	2026_PWPIU_535902_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन का निर्माण कार्य ग्राम बेहड़ा विकासखण्ड भीमपुर जिला बैतूल	बैतूल	42.15	50000	5000	08 माह वर्षाकाल सहित
3	2026_PWPIU_535903_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन का निर्माण कार्य ग्राम गाडरा विकासखण्ड भीमपुर जिला बैतूल	बैतूल	42.15	50000	5000	08 माह वर्षाकाल सहित
4	2026_PWPIU_535905_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन का निर्माण कार्य ग्राम बासिंदा विकासखण्ड भीमपुर जिला बैतूल	बैतूल	42.15	50000	5000	08 माह वर्षाकाल सहित
5	2026_PWPIU_535906_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन का निर्माण कार्य ग्राम चूनालोहमा विकासखण्ड भीमपुर जिला बैतूल	बैतूल	42.15	50000	5000	08 माह वर्षाकाल सहित
6	2026_PWPIU_535922_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन का निर्माण कार्य ग्राम देसली विकासखण्ड भीमपुर जिला बैतूल	बैतूल	42.15	50000	5000	08 माह वर्षाकाल सहित
7	2026_PWPIU_535925_1	सब जेल मुलताई जिला बैतूल मे 08 नग एच टाईप आवासगृहो का निम्रण कार्य	बैतूल	131.60	131600	12500	12 माह वर्षाकाल सहित
8	2026_PWPIU_535730_1	सब जेल सोनकच्छ जिला देवास में 08 नग एच टाईप आवासगृहों (जी+1) का निर्माण कार्य	देवास	135.46	135460	12500	12 माह वर्षाकाल सहित
9	2026_PWPIU_535762_1	सब जेल कन्नौद जिला देवास में 04 नग एच टाईप आवासगृहों एक ब्लॉक का निर्माण कार्य	देवास	84.94	84940	10000	10 माह वर्षाकाल सहित
10	2026_PWPIU_535771_1	जिला जेल देवास जिला देवास में 12 नग एच टाईप आवासगृहों (जी+2) का एक ब्लॉक का निर्माण कार्य	देवास	184.75	184750	12500	12 माह वर्षाकाल सहित
11	2026_PWPIU_535808_1	कंस्ट्रक्शन आफ 08 नग एच टाइप आवासगृह (जी+1) एट सबजेल पिपिरया डिस्ट्रिक्ट नर्मदापुरम	नर्मदापुरम	135.54	135540	12500	12 माह वर्षाकाल सहित
12	2026_PWPIU_535810_1	कंस्ट्रक्शन आफ 04 नग एच टाइप आवासगृह एट सबजेल सिवनी मालवा डिस्ट्रिक्ट नर्मदापुरम	नर्मदापुरम	84.94	84940	10000	10 माह वर्षाकाल सहित
13	2026_PWPIU_535972_1	सब जेल गैरतगंज जिला-रायसेन में 12 नग एच-टाइप आवास गृहों का निर्माण कार्य ।	रायसेन	184.75	184750	12500	14 माह वर्षाकाल सहित
14	2026_PWPIU_535968_1	सब जेल बरेली जिला रायसेन में 08 नग एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य	रायसेन	135.55	135550	12500	12 माह वर्षाकाल सहित
15	2026_PWPIU_535964_1	सब जेल गौहरगंज जिला रायसेन में 04 नग एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य	रायसेन	84.94	84940	10000	10 माह वर्षाकाल सहित
16	2026_PWPIU_535934_1	सब जेल बेगमगंज जिला रायसेन में 04 नग एच टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य	रायसेन	84.94	84940	10000	10 माह वर्षाकाल सहित
17	2026_PWPIU_535870_1	सब जेल नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ में एच टाईप आवासगृह (04 का एक ब्लॉक भविष्य में 02 मंजिल और बढ़ाने का प्रावधान)	राजगढ़	82.47	82470	10000	10 माह वर्षाकाल सहित
18	2026_PWPIU_535872_1	सब जेल सारंगपुर जिला राजगढ़ में एच टाईप आवासगृह (04 का एक ब्लॉक भविष्य में 02 मंजिल और बढ़ाने का प्रावधान)	राजगढ़	82.47	82470	10000	10 माह वर्षाकाल सहित
19	2026_PWPIU_535628_1	सबजेल गंजबासौदा में 04 नग एच टाईप आवासगृह का एक ब्लॉक(भविष्य में 02 मंजिल और बढ़ाने का प्रावधान) का निर्माण कार्य।	विदिशा	84.94	84940	10000	10 माह वर्षाकाल सहित
20	2026_PWPIU_535659_1	सबजेल लटेरी में 04 नग एच टाईप आवासगृह का एक ब्लॉक(भविष्य में 02 मंजिल और बढ़ाने का प्रावधान) का निर्माण कार्य।	विदिशा	84.94	84940	10000	10 माह वर्षाकाल सहित

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 10-09-2026 समय 10:30 से दिनांक 25-09-2026 समय 05:30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-18708/26 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

मुख्य अभियंता (भवन)
लोक निर्माण विभाग भोपाल

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda मण्डीदीप शाखा : मण्डीदीप

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित नियम (3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **06.06.2026** (**24.06.2026** को प्रकाशित) को निम्न वर्णित उधारकर्ता/डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता को डिमांड नोटिस जारी किया तथा नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
उधारकर्ता/डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ता/डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** दिनांक **16.09.2026** को ले लिया है।
उधारकर्ता/डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा मंडीदीप शाखा** के अधीन होगा।
ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

ऋणी का नाम	कब्जा की गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
ऋणी- **मेसर्स इन्वेंटिव इंफ्रा एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड** डायरेक्टर्स- 1. श्री अमित लोहानी एवं 2. श्रीमती दीपिका सेठी जमानतदार:- 1. श्री अमित लोहानी पुत्र अरुण लोहानी 2. श्रीमती दीपिका सेठी पत्नि श्री मयंक मिश्रा 3. श्रीमती सोनी कुमारी पत्नि श्री अमित लोहानी 4. श्री संजीव अग्रवाल पुत्र एन.डी. अग्रवाल 5. श्रीमती संगीता अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल	बंधक संपत्ति फ्लैट नंबर 2-ए, 2-बी और आसपास का क्षेत्र, फ्लैट नंबर 2-सी का भाग, प्लॉट नंबर 12, अर्चना कॉम्प्लेक्स, महाराणा प्रताप नगर, जोन-2, वार्ड नंबर 45, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र. फ्लैट नंबर 2-ए का क्षेत्रफल- 1260 वर्गफीट (117.10 वर्गमीटर), फ्लैट नंबर 2-बी का क्षेत्रफल- 995 वर्गफीट (92.47 वर्गमीटर) फ्लैट नंबर 2-सी का क्षेत्रफल 345 वर्गफिट (32.06 वर्ग मीटर), कुल क्षेत्रफल- 2600 वर्गफीट (241.63 वर्गमीटर), संपत्ति मालिक- श्रीमती संगीता अग्रवाल पत्नि श्री संजीव अग्रवाल और श्री संजीव अग्रवाल पुत्र श्री एन.डी. अग्रवाल चर्तुसीमाएं: पूर्वः सड़क, पश्चिमः आम सीढ़ियां और सड़क, उत्तरः प्लॉट नंबर 13, दक्षिणः फ्लैट नंबर 2-सी और सड़क।	₹ 3,42,79,422.95 (दिनांक 07.06.2026 तक ब्याज समेकित) +दिनांक 07.06.2026 से अप्रभारित ब्याज एवं अन्य खर्चे

दिनांक : 17.09.2026, स्थानः मंडीदीप प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

कार्यालय कलेक्टर जिला नर्मदापुरम

क्रमाक /I/1268964/2026/ नाजरात नर्मदापुरम दिनांक 03/09/2026

जशासकीय कार्य एवं सत्कार व्यवस्था हेतु कमर्शियल वाहन किराये के आधार पर लेने हेतु स्थानीय एजेंसियों से ई-निविदा

भाग-01

ई-निविदा आवेदन हेतु शुल्क रू. 500 (five hundred only) non refundable

कलेक्टर नर्मदापुरम मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठित संस्था / कंपनी टैक्सी ऑपरेटर्स किराए आधार पर निविदा ई-टेंडर के माध्यम से जिला कार्यालय एवं सत्कार व्यवस्था एवं कमर्शियल वाहन किराये के आधार पर लेने हेतु ई-निविदा बेबसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

1	वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर निविदा उपलब्ध होने की तिथि	दिनांक 09/09/2026
2	वेबसाईट www.mptenders.gov.in नियत शर्तो-निर्देशों के अनुसार तकनीकी और वित्तीय ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 30/09/2026 समय दोपहर 03.00 pm बजे तक
3	निर्धारित नियम- शर्तो / निर्देशों के अनुसार तकनीकी ई-निविदा के रूप में अन्य अभिलेखों के साथ-साथ वेब साईड में अपलोड ई-निविदा आवेदन शुल्क और धरोहर राशि (अर्नेस्टमनी) का अलग-अलग प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय	दिनांक 30/09/2026 समय दोपहर 03.00 pm बजे तक
4	निविदा समिति/अधिकृत अधिकारियों द्वारा ई-निविदा के तकनीकी प्रस्ताव खोले जाने तथा नियमानुसार तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन आदि हेतु तिथि , समय एवं स्थान	दिनांक 01/10/ 2026 समय दोपहर 03.00 pm बजे तक स्थान कार्यालय कलेक्टर नर्मदापुरम
5	तकनिकी ई-निविदा में सफल निविदाकारो की नियमानुसार वित्तीय ई-निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय (तकनीकी प्रस्ताव खोले जाने के कम से कम 24 घंटे उपरांत)	कार्यालय कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशानुसार यथा समय-स्थान -

जी-18718/26 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

संयुक्त कलेक्टर
हेतु कलेक्टर नर्मदापुरम

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank मंडल कार्यालय, भोपाल अरेरा हिल्स, भोपाल फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

ई नीलामी दिनांक : 06.10.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि :05.10.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पत्तीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे।
मंडल कार्यालय, भोपाल | प्राधिकृत अधिकारी : श्री संदीप कुमार साहू | फोन नं. 0755-2550020/7000086955

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि
अब्दुल बासित खान पुत्र ए.डब्लु खान (सांकेतिक आधिपत्य) फ्लैट नं. जी-1, गंगा यमुना अपार्टमेंट, प्लाटनं. 339, त्रिलोचन नगर, भोपाल (म.प्र), क्षेत्रफल: 600 वर्ग फिट, **सीमाएँ**:- पूर्व :प्लाटनं. 340, पश्चिम : प्लाटनं. 338, उत्तर : रोड, दक्षिण : प्लाट नं. 350 , **सम्पत्ति मालिक**:- अब्दुल बासित, नासीर खान एवं सादिया खान	(₹) 15,75,000/- (₹) 1,57,500/-	20-05-2019 09-08-2019 (₹)1819442.00 + दिनांक 01.12.2019 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च
मेसर्स मयूर फर्नीचर मार्ट प्रो.मनोज मालवीय पुत्र स्व. रविशंकर मालवीय (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति प्लाट नं. 2/17, खसरा नं.355/7 का वह भाग जिसका क्षेत्रफल 40 फीट x 30 फीट (1200 वर्ग फीट) है, जो इंदिरा नगर, न्यू यार्ड , ग्राम मेहरागाँव, पह. नं. 09/13, बी. नं. 250, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.), सीमाऐं : पूर्व में -मुख्तियार अली का रकबा, पश्चिम में - शीतल प्रसाद सरथे का रकबा, उत्तर में -रोड , दक्षिण में-रोड, संपत्ति मालिक : श्रीमती निशा मालवीय पत्नी श्री विनोद मालवीय	(₹) 12,25,000/- (₹) 1,22,500/-	26-05-2026 10-08-2026 (₹)1571540.45 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च
मेसर्स मजनामल लीलाराम अपने साझेदारों के माध्यम से श्री मनोहर लाल वारियानी पुत्र श्री थानोमल वारियानी और श्री उत्तम कुमार वारियानी पुत्र श्री थानोमल वारियानी (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति शांति नगर, भोपाल, नगर निगम वार्ड नं. 17 में स्थित आवासीय मकान नं. 30 के भूतल का वह भाग, जिसका क्षेत्रफल 750 वर्ग फुट है। सीमाऐं : पूर्व-बीडीए का खाली प्लाट, पश्चिम- प्लाट नं. 41, उत्तर- रोड, दक्षिण- 10 फुट चौड़ी गली। संपत्ति श्री मनोहर लाल वारियानी पुत्र श्री थानोमल वारियानी	(₹) 27,00,000/- (₹) 2,70,000/-	22-04-2026 23-07-2026 (₹) 818101.61 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च
श्री सौरभ बर्मन पुत्र श्री रामदयाल बर्मन (उधारकर्ता) और श्री रामदयाल बर्मन पुत्र श्री शिव करण बर्मन (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक भूमि का समस्त हिस्सा आवासीय प्लाटनं. 24, खसरा नं. 150/1 वाली भूमि का भाग, जिसका क्षेत्रफल 47 .12 फीटहै, यानी कुल क्षेत्रफल 564 वर्ग फीट(52.416 वर्ग मीटर), ग्राम हरदा खास लाला लाजपत राय वार्ड, तहसील हरदा, जिला हरदा (म.प्र) । क्षेत्रफल: 564 वर्ग फीट। सीमाऐं : पूर्व में - एलआईजी मकान नं. 210, पश्चिम में -नगर पालिका की रोड, उत्तर में-नगर पालिका की नाली, दक्षिण में -नगर पालिका की रोड। संपत्ति मालिक : श्री रामदयाल बर्मन पुत्र श्री शिव करण बर्मन	(₹) 21,31,000/- (₹) 2,13,100/-	08-05-2026 24-07-2026 (₹)2909959.72 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च
श्रीमती रश्मी पाडे पत्नी श्री राकेश कुमार पाडे एवं श्री राकेश कुमार पाडे पुत्र श्री नरेंद्र पाडे (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक भूमि का समस्त हिस्सा खसरा नं. 52/2 (म्यूटेशन के बाद 52/73) का भाग, मौजा-पथरोटा, पटवारी हल्का नं. 20, बही नं. 169, तहसील-इटारसी , जिला-होशंगाबाद (म.प्र.) , क्षेत्रफल 20*50=1000 वर्ग मीटर (लगभग 92.96 वर्ग मीटर) । सीमाऐं : पूर्व -श्री पवन चौकसे का प्लाट, पश्चिम -प्रकाश तिवारी का प्लाट, उत्तर -विक्रेता द्वारा अपनी भूमि पर छोड़ी गई रोड, दक्षिण- श्रीमती सुखवती मेहरा का प्लाट , संपत्ति मालिक : श्रीमती रश्मी पांडे पत्नी श्री राकेश पांडे	(₹) 23,85,000/- (₹) 2,38,500/-	26-03-2026 19-06-2026 (₹) 931193.00 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च

ई नीलामी दिनांक : 27.10.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 26.10.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि
श्री संतोष सिंह धाकड़ पुत्र श्री मिश्री लाल धाकड़ (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति आवासीय फ्लैटनं. एफ-02, प्लाटनं. 57-ए, द्वितीय तल पूनम काम्प्लेक्स, खसरा नं. 25,26/1/2, 27,31,30/1,30/2,29/1-1, राजहर्ष गृह निर्माण सहकारी समिती मर्यादित , ग्राम-नयापुरा,वार्डनं. 81, कोलार रोड, तहसील हुजूर, भोपाल, क्षेत्रफल 16.72 वर्ग मीटर, सीमाऐं सेल डीडअनुसार: पूर्व-फ्लैटनं. एफ-03, पश्चिम-फ्लैटनं. एफ-01, उत्तर- खुला भाग , दक्षिण- प्लाट नं. 56, संपत्ति मालिक : श्री संतोष सिंह धाकड़	(₹) 3,41,810/- (₹) 34,181/-	20-01-2022 15-06-2022 (₹) 571858.24 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च

नियम एवं शर्ते :- 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तो के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 06/10/2026** एवं **दिनांक 27/10/2026** को **वेबसाइट** https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा । यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें । बकाया, किराया आदि सहित अन्य शुल्क, यदि कोई हो, नियमानुसार क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा।

दिनांक: 16/09/2026, स्थान: भोपाल प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक